संपादकीय

राह आसान नहीं

विपक्ष के कड़े तेवर और विरोध के बीच लोकसभा में तीन तलाक को गैर कानूनी करार देने वाला संशोधित विधेयक पारित हो गया। कांग्रेस व अन्नाद्रुमक के बहिष्कार के बाद यह विधेयक पारित हुआ। विधेयक में तीन तलाक को गैर कानूनी बनाने और कानून तोड़ने वाले पति को तीन साल की सजा का प्रावधान भी शामिल है। कांग्रेस विधेयक को संयुक्त संसदीय समिति के पास भेजने की मांग करते हुए इसे अनुचित ठहरा रही है। सुप्रीमकोर्ट द्वारा तीन तलाक को गैर कानूनी ठहराने और ?इस बाबत कानून बनाने के आग्रह के बाद बीते साल सरकार ने लोकसभा में विधेयक पारित किया था। संख्या बल की कमी के कारण यह बिल राज्यसभा में पारित होना मुश्किल हुआ तो सरकार ने अध्यादेश लाकर इसे कानूनी दर्जा देने का प्रयास किया था, जिसकी अवधि कुछ दिनों बाद समाप्त होने वाली थी। जिसके चलते नये सिरे से लोकसभा में संशोधित विधेयक को पारित किया गया जो एक झटके में तीन तलाक देने के अधिकार को सिरे से खारिज करता है। दरअसल, इस विधेयक के कानून बनने के बाद तीन तलाक गैर जमानती होगा और थाने में पति को जमानत नहीं दी जा सकेगी। जमानत के लिये मजिस्ट्रेट के पास जाना होगा।

दरअसल, विधेयक में प्रावधान है कि तीन तलाक के मामले में जमानत तभी मिलेगी जब पति प ी को मुआवजा देने को सहमत होगा। दरअसल, सरकार का मानना है कि यह विधेयक मुस्लिम महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के लिये है। वहीं विपक्षी दल कहते हैं कि पति को सजा दिये जाने का प्रावधान अनुचित है। जब पति जेल चला जायेगा तो परिवार का भरणपोषण कौन करेगा। वहीं कुछ महिला संगठन तलाक को अपराध की श्रेणी में लाने की बजाय औरतों-मर्दों की बराबरी की तरफ बढ़ने की बात करते हैं। दरअसल, आसन्न आम चुनावों के मद्देनजर मुद्दे को राजनीतिक अस्त्र के रूप में देखा जा रहा है। जहां भाजपा बहुसंख्यक वोटों का ध्रुवीकरण चाहती है, वहीं विपक्ष अल्पसंख्यक मतदाताओं को नाराज नहीं करना चाहता। इस विधेयक की राज्यसभा में आगे की राह आसान नहीं है। कांग्रेस विधेयक को संशोधन के लिये संयुक्त चयन समिति को भेजने पर अड़ी है। पिछली बार जब विधेयक लोकसभा में पेश किया गया था तो विपक्ष 19 संशोधन लेकर आया था। सत्ता पक्ष मानता है कि विधेयक मुस्लिम महिलाओं की गरिमा से जुड़ा है। उनकी दलील है कि तमाम इस्लामिक देशों, जिनमें बांग्लादेश, मिस्र, मोरक्को, इंडोनेशिया और पाकिस्तान भी शामिल हैं, में तीन तलाक को रेग्युलेट किया गया है।

नए साल का तोहफा : सस्ती हो जाएंगी सिनेमा टिकट, डिब्बा बंद खाने जैसी 23 चीजें

नई दिल्ली। आम आदमी को नए साल का तोहफा देते हुए सरकार ने एक जनवरी से सिनेमा टिकट, 32 इंच तक के टेलीविजन और मानिटर स्क्रीन सहित 23 वस्तुओं और सेवाओं पर जीएसटी दर कम करने की अधिसूचना जारी कर दी है. माल एवं सेवाकर (त्रस्ञ्) परिषद ने 22 दिसंबर को हुई बैठक में 23 वस्तुओं और सेवाओं पर कर दर कम करने का फैसला किया था. इनमें सिनेमा टिकट, टेलीविजन और मानिटर स्क्रीन, पावर बैंक आदि शामिल हैं. इसके अलावा शीतित एवं डिब्बा बंद खास तरह की प्रसंस्कृत सब्जियों को शुल्क मुक्त कर दिया गया. उपभोक्ताओं को मंगलवार से इन वस्तुओं के लिये कम दाम देने होंगे. एक जनवरी से इन वस्तुओं पर जीएसटी दर कम हो जायेगी. जिसके परिणामस्वरूप इनके दाम घट सकते हैं. जीएसटी परिषद ने अपनी पिछली बैठक में इन वस्तुओं एवं सेवाओं पर 28 प्रतिशत की दर को कम कर दिया था. कुछ वस्तुओं पर इसे घटाकर 18 प्रतिशत किया गया है जबकि कुछ सेवाओं पर 18 प्रतिशत की दर को कम कर 12 प्रतिशत किया गया है. जीएसटी की 28 प्रतिशत की सबसे ऊंची दर अब कुछ लक्जरी वस्तुओं, अहितकर सामानों, सीमेंट, बड़े टीवी स्क्रिन, एयरकंडीसनर्स और डिशवाशर्स पर ही रह गई है.

नए साल से कार खरीदना होगा महंगा, इन कंपनियों ने बढ़ाई कीमत

नई दिल्ली। अगर आप नए साल में कार खरीदने वाले हैं तो अब आपको इसके लिए थोड़े ज्यादा पैसे खर्च करना पड़ेगा। दरअसल ज्यादातर ऑटो कंपनियां 1 जनवरी 2019 से गाड़ियों के बढ़ाने जा रही है। इस लिस्ट में देश की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी से लेकर लग्जरी कारें बनाने वाली कंपनी बीएमड्ब्लू भी शामिल है।लागत में बढ़ोतरी और विदेशी मुद्रा विनियम दर के नकारात्मक प्रभाव के कारण कंपनियां यह कदम उठा रही है। महिंद्रा ऐंड महिंद्रा ने सितंबर में एमपीवी मराजो को लॉन्च किया था। 1 जनवरी 2019 से कंपनी की इस गाड़ी की कीमत 30 से 40 हजार रूपये बढ़ जाएगी। एमपीवी मराजो की शुरुआती कीमत 9.99 लाख रूपये है। कार के टॉप वेरिएंट की एक्स शोरुम कीमत 13.90 लाख रूपये है। बता दें एमपीवी मराजो महिंद्रा क अब तक की सबसे बड़ी पैसेंजर कार है।

आरकॉम और जियो डील की उम्मीद बरकरार, डेडलाइन 6 महीने बढ़ी

मुंबई (आरएनएस)। रिलायंस कम्युनिकेशंस (आरकॉम) और रिलायंस जियो इंफोकॉम ने उस अग्रीमेंट की अवधि बढ़ाकर 28 जून, 2019 कर दी है, जिसके तहत अनिल अंबानी की कंपनी बड़े भाई मुकेश की फर्म को कुछ वायरलेस एसेट्स बेचना चाहती है। इससे पहले अटकलें लग रही थीं कि टेलिकॉम डिपार्टमेंट से नो-ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट नहीं मिलने की वजह से डील शायद न हो पाए।

रिलायंस इंडस्ट्रीज ने सोमवार को एक रेगुलेटरी फाइलिंग में बताया, रिलायंस की सब्सिडियरी रिलायंस जियो ने रिलायंस कम्युनिकेशंस की एसेट्स को खरीदने के लिए हुए समझौते की अवधि बढ़ाकर 28 जून 2019 कर दी है। एक अलग फाइलिंग में आरकॉम ने बताया कि जियो के साथ 28 दिसंबर 2017 को टावर, फाइबर, एमसीएन और स्पेक्ट्रम बेचने का जो एग्रीमेंट हुआ था, उसकी मियाद बढ़ाकर 28 जून 2019 कर दी गई है। इस बारे में पूछे गए सवालों का दोनों ही कंपनियों ने जवाब देने से इनकार कर दिया।

आरकॉम और जियो के बीच 17 हजार की चार वायरलेस एसेट्स के लिए एग्रीमेंट हुआ था, लेकिन स्पेक्ट्रम इसमें सबसे महत्वपूर्ण है। इससे जियो की 4जी एयरवेव होल्डिंग मजबूत होगी और आरकॉम को बैंकों के साथ एरिक्सन जैसी ऑपरेशनल क्रेडिटर्स का पैसा चुकाने में मदद मिलेगी। अनिल अंबानी की कंपनी पर 46 हजार करोड़ का कर्ज है। आरकॉम पहले ही जियो को फाइबर और नोड्स 5,000 करोड़ रुपये में बेच चुकी है।

पेट्रोल-डीजल की कीमतों में लगातार छठे दिन कमी

नयी दिल्ली (आरएनएस)। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में गिरावट का सिलसिला मंगलवार को लगातार छठे दिन जारी रहा। दिल्ली में पेट्रोल का दाम 19 पैसे और डीजल का 20 पैसे प्रति लीटर घट गया।

दिल्ली में पेट्रोल की कीमत घटकर 68.65 रुपए और डीजल की 62.66 रुपये प्रति लीटर रह गयी। वाणिज्यिक नगरी मुंबई में भाव क्रमशः 74.30 और 65.56 रुपये प्रति लीटर रह गए। कोलकाता में दोनों ईंधन के दाम क्रमशः 70.78 रुपए 64.42 रुपये प्रति लीटर रहे। चेन्नई में भाव क्रमशः 71.22 और 66.14 रुपए प्रति लीटर रहे गए। नोएडा और गुरुग्राम में पेट्रोल क्रमशः 68.97 और 69.74 रुपये प्रति लीटर रह गया जबकि डीजल के दाम यहां क्रमशः 62.43 और 62.71 रुपये प्रति लीटर रहे।

टेनिस : आस्ट्रेलियन ओपन में नहीं खेल पाएंगे डेल पोट्रो

मेलबर्न (आरएनएस)। अर्जेंटीना के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी जुआन मार्टिन डेल पोट्रो इस माह होने वाले पहले ग्रैंड स्लैम आस्ट्रेलियन ओपन में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, पोट्रो अपने घुटने की चोट से अभी पूरी तरह से नहीं उबर पाएं हैं। पिछले साल अक्टूबर में शंघाई मास्टर्स टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के दौरान वर्ल्ड नम्बर-5 पोट्रो को घुटने में चोट लगी थी और उनकी चोट का पूरी तरह से ठीक होना बाकी है।

आरबीआई ने दी पेटीएम को हरी झंडी, खोल सकेंगे नये अकाउंट

नई दिल्ली। रिजर्व बैंक ने पेटीएम पेमेंट बैंक में नए अकाउंट खोलने की अनुमती दे दी है। आपको बता दें पेटीएम पर रोक नो योर कस्टमर नियमों के उल्लंघन के बाद लगाया गया था। मगर अब इसपर से रोक हटा दी गई है। पेटीएम पर अब अपने पेमेंट बैंक और ई-वॉलेट के लिए अकाउंट खोला जा सकता है। इसके लिए केवाईसी के नियमों का पालन करना होगा। बता दें आरबीआई को अपनी जांच में पेटीएम की पेमेंट में और ग्राहक सेवा की केवाईसी में गड़बड़ी पकड़ी थी। मगर ऑडिट करन के बाद फिर से इसकी अनुमती मिल गई है। मगर पिछले छह महीनों के बाद से किसी भी नए ग्राहक को जोड़ने पर रोक लगा थी।

आज का राशिफल

मेषः घर का वातावरण आनंददायी रहेगा। आर्थिक लाभ के साथ-साथ व्यवसाय में संतोष करेंगे। सामाजिक दृष्टि से आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। मित्रों, स्नेहीजनों के साथ आनंदित होंगे। वस्त्राभूषणों का लाभ योग।

वृषभः आज आकस्मिक खर्च होने की आशंका। मन कुछ परेशान हो सकता है, परंतु मध्याह्न के बाद घर में सुख-शांति का वातावरण बन जाएगा। आरोग्य में सुधार होगा। कार्य सफलता से यश प्राप्त होगा।

मिथुनः आज का दिन मिश्रित फलदायी होगा। आपको जमीन, मकान आदि दस्तावेजों के विषय में ध्यान रखें। परिजनों के साथ बिना कारण तनाव बढ़ सकता है। संतान के विषय में आपको परेशानी हो सकती है। आकस्मिक धन के खर्च की आशंका है।

कर्कः शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य आपको आनंदित रखेगा। आज आप कुछ अधिक ही संवेदनशीलता का अनुभव करेंगे। मध्याह्न के बाद स्फूर्ति और आनंद का अभाव हो सकता है। परिजनों के साथ मतभेद ना हो, ध्यान रखें।

सिंहः मधुरवाणी से काम बनेंगे। परिवार के लोगों के साथ आनंदपूर्वक समय बिताएंगे। मध्याह्न के बाद किसी कार्य में बिना सोचे समझे निर्णय न लें। अपनों से लाभ होगा। मित्रों-स्वजनों से भेंट होगी। प्रतिस्पर्धियों का सामना आप कर सकेंगे।

कन्याः दिन शुभफलदायी है। वैचारिक समृद्धि अन्य जनों को प्रभावित कर सकेगी। व्यावसायिक दृष्टि से भी आजका दिन लाभदायी होगा। मन आनंदित रहेगा। आर्थिक लाभ होने की संभावना है।

तुलाः आज का दिन मध्यम फलदायी होगा। आकस्मिक खर्च में सावधानी बरतें। शारीरिक और मानसिक अस्वस्थता के कारण विवाद न हो जाए इसका ध्यान रखें। मध्याह्न के बाद स्थिति में सुधार होगा।

वृश्चिकः धन की प्राप्ति के लिए योग अच्छा है। मित्रों के पीछे धन खर्च हो सकता है। मध्याह्न के बाद आपको शारीरिक और मानसिक अस्वस्थता का अनुभव करना पड़ सकता है।

धनुः आज का आपका दिन लाभकारी होगा। शारीरिक स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा। व्यवसाय में लाभ भी होगा। सरकारी कार्यों में लाभ मिलेगा। अनेक क्षेत्रों में यश-कीर्ति प्राप्त होगी।

मकरः आज का दिन पूर्ण रूप से शुभ फलदायी है। विदेश-स्थित परिजनों के समाचार से आपका मन प्रफुल्लित होगा। धार्मिक यात्रा की संभावना है। कार्य-योजना पूर्ण होगी।

कुंभः क्रोध और वाणी पर आज संयम रखें, अन्यथा हानि हो सकती है। परिजनों के साथ वाद-विवाद में न पड़ें। मध्याह्न के बाद परिजनों तथा मित्रों के साथ आपका समय बहुत आनंदपूर्वक बीतेगा। धार्मिक प्रवास भी होगा।

मीनः किसी मनोरंजक स्थल पर मित्रों या परिचितों के साथ आनंद मनाने का आयोजन कर सकेंगे। व्यापार में साझेदारों के साथ व्यवहार अच्छा रहेगा, परंतु मध्याह्न के बाद आपका स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

जिस घर के आस-पास होता है ये पौधा उसे कभी नहीं होती धन की कमी

सोमवार का दिन भगवान शिव को प्रसन्न करने का दिन माना जाता है, इस दिन अगर भगवान की पूजा में एक खास फूल को शामिल किया जाए और शिवजी को ये फूल अर्पित किया जाए तो इससे भगवान शिव प्रसन्न होते हैं और भक्त की सभी मनोकामनाएं पूरी करते हैं। ये फूल है आंकड़े का फूल, भगवान शिव को ये फूल बहुत प्रिय है। शास्त्रों के अनुसार आंकड़े के फूल शिवलिंग पर चढ़ाने से व्यक्ति की सभी मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती हैं और उसे अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। इसी कारण आंकड़े के पौधे को शास्त्रों में बहुत महत्व दिया जाता है।

शास्त्रों के अनुसार जिस घर के बाहर आंकड़े का पौधा होता है और उस पर आंकड़े में फूल आते हैं, उस घर से नकारात्मक शक्तियां कोसों दूर रहती हैं। आंकड़े का पौधा जिस घर में होता है वहां रहने वाले लोगों को तांत्रिक बाधाएं कभी नहीं सताती हैं। घर में और आसपास सकारात्मक वातावरण होने के कारण घर के सदस्यों को किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होती है और घर में सुख-समृद्धि का वास रहता है। जिस घर के सामने आंकड़े का पौधा होता है उस घर के सदस्यों को धन की कमी का सामना नहीं करना पड़ता है।

2019 में विराट कोहली की अग्निपरीक्षा, भारत को दिला पाएंगे वर्ल्डकप

नई दिल्ली। इंटरनेशनल क्रिकेट में रनों और शतकों की झड़ी लगाने वाले टीम इंडिया के कप्तान विराट कोहली के लिए 2018 बेहद शानदार साल रहा है. अब नए 2019 की चुनौतियां उनका इंतजार कर रही हैं. मौजूदा दौर में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में शुमार कोहली को बल्लेबाज के तौर पर ही नहीं, कप्तान के तौर पर भी इस साल अग्निपरीक्षा से गुजरना होगा. उनके लिए अपनी श्रेष्ठता साबित करने के लिए बड़ा मौका है.

2019 में विराट कोहली के सामने सबसे बड़ी चुनौती है इंग्लैंड में होने वाला 50 ओवरों का क्रिकेट वर्ल्ड कप. कोहली की कप्तानी का लिटमस टेस्ट इसी टूर्नामेंट में होगा. 2019 वर्ल्ड कप ही कोहली की कप्तानी की दशा और दिशा तय कर सकता है. कोहली के पास कपिल देव और महेंद्र सिंह धोनी के क्लब में शामिल होने का मौका होगा.1983 में भारत को कपिल देव ने पहली बार वर्ल्ड कप जिताया था.

उसके ठीक 28 साल बाद महेंद्र सिंह धोनी ने भारत को 2011 का वर्ल्ड चैंपियन बनाया. अब 8 साल बाद विराट कोहली पर भारत को तीसरा वर्ल्ड कप का खिताब जिताने का जिम्मा है.विराट कोहली और महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी का स्टाइल अलग है.

सीए की टेस्ट टीम ऑफ द इअर में कोहली, बुमराह

मेलबर्न (आरएनएस)। क्रिकेट आस्ट्रेलिया (सीए) ने भारतीय कप्तान विराट कोहली और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को सोमवार को यहां जारी अपनी साल की टेस्ट टीम में जगह दी है जबकि नाथन लायन इस टीम में शामिल एकमात्र आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी हैं। लायन और भारतीय खिलाड़ियों के अलावा, इस टीम में न्यूजीलैंड एवं दक्षिण अफ्रीका के दो-दो और श्रीलंका, इंग्लैंड, वेस्टइंडीज एवं पाकिस्तान का एक-एक खिलाड़ी शामिल है। न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियम्सन को टीम का कप्तान घोषित किया गया है जबकि इंग्लैंड के जोस बटलर को विकेटकीपर होंगे।

पंजाबी दाल मखनी बनाने की विधि

पंजाब की दाल मखनी सभी को बहुत पसंद आती है। खाने में स्वादिष्ट होने के साथ में इसमें प्रचुर मात्रा में फाइबर और प्रोटीन पाये जाते है। तो आइए आज हम, आपके लंच को और बेहतरीन बनाने के लिए बताते है दाल मखनी

आवश्यक सामग्री- काले साबुत उरद - 100 द्दद्ध

साबुत काले चने और राजमा - 50 द्दद्धड्ड (1/4)

खाने का सोडा -1/4 चम्मच

तमोतर - 4 छोटे साइज के

हरी मिर्च - 3 से 4

अदरक - छोटा टुकड़ा

ैम या मक्खन - 2 से 3 स्पून

देशी घी - एक स्पून

हींग -1 से 2 चुटकी

जीरा - एक छोटी चम्मच

मेथी दाना - 1/4 छोटी चम्मच

हल्दी पाउडर -1/4 चम्मच

लाल मिर्च पाउडर - 1/4 चम्मच

गरम मसाला -1/4 चम्मच

नमक - स्वादानुसार

हरा धनिया - आधी कटोरी

विधि- दाल मखनी बनाने लिए सबसे पहले, उरद और चने या राजमा को रात भर के लिए गाला दें। सुबह दालों को पानी से निकाल कर धो लें। अब कुकर में नमक, सोडा और 2 कप पानी डाल कर उसमे यह सभी दाले डाल दे और इसे उबलने रख दे। टमाटर, हरी मिर्ची और आधे अदरक को मिक्सी में पीस ले। अब कड़ाही में घी गरम कर लीजिए और इसमें हींग, मेथी दाना और जीरा का बघार लगाएं। मेथी दाने के भुनने के बाद इसमें अदरक, धनिया पाउडर, लाल मिर्च डाल कर चमच से हिलाइए। अब इसमें टमाटर, हरी मिर्ची का पेस्ट और क्रीम डालें. इसे चम्मच से चलते हुए तब तक भुने, जब तक की पूरा मसाला घी के ऊपर न तैरने लगे। इस भुने हुए मसाले में कुकर खोलने के बाद दाल मिला लीजिए। अब दाल को जितना पतला या गाढ़ा करना चाहते है अपनी आवश्यकता के अनुसार कर लीजिए। उबाल आने के बाद 3 से 4 मिनट के लिए पकाइए, अब इसमें हरा धनिया, गरम मसाला डाल दीजिए।

शब्द सामर्थ्य-35

बाएं से दाएं

1. भारत के वर्तमान वित्तमंत्री 6. हित, उपकार 7. असमान, पूर्वोत्तर का एक राज्य 8. किसी वस्तु व्यक्ति आदि के पहचान सूचक संबोधन का शब्द, संज्ञा 10. शवस्थल पर बनाया गया मकान, योग का अंतिम अंग, तपस्या 13. इंकार करना, ना कहना 14. पिता, क्लर्क, सम्मानीय व्यक्ति 15. आय पर लगने वाला टैक्स, इंकमटैक्स 16. प्रतिद्वंद्वी, प्रेमिका का दूसरा प्रेमी 17. परंपरा, रीति, रिवाज 20. रुप से युक्त, चिह्न, लक्षण, नाटक, एक साहित्यिक अलंकार 23. लोग, प्रजा 25. नामी, नामवर, प्रसिद्ध 27. संसार का स्वामी, बादशाह, सम्राट, ईश्वर 28. फैलाना, खिंचाव पैदा करना।

ऊपर से नीचे

1. मारना, प्रहार करना, आघात करना 2. मिथ्याअभिमान, आडंबर 3. विपत्ति, आफत 4. मालदार, धनवान, अमीर 5. ज्ञान प्राप्त करना, अनुमान लगाना, कल्पना करना 7. हक 9. विवश, लाचार 11. मानकंद, नापने का पैमाना 12. अपमानित और तिरस्कृत 17. संतान उत्पन्न करने की क्रिया, जन्म देने की क्रिया 18. लंबे कपड़े का गट्ठा, पशुओं को रखने की जगह 19. जलयान, वायुयान, जलपोत 21. आश्रय, सहारा 22. थोड़ा, जरा, तनिक 24. जुर्म, गुनाह 26. बाघ की तरह का धारीदार हिंसक एवं विशाल पशु।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 34 का हल

भू	कं	प	■	फा	य	दा	■	स
प	■	ल	ला	ट	■	य	ती	म
ति	ल	क	■	क	न	क	■	झ
■	क्ष्म	■	■	■	रे	■	■	■
ग	ण	क	■	सं	श	य	■	सौ
ह	■	या	च	क	■	म	न्न	त
रा	क्ष	स	■	र	क्ष	क	■	न
■	त्रि	■	■	■	मि	■	■	■
शा	य	री	■	का	त	र	■	गो

सू-दोकू-35

	9			2				1
		5	1				3	
7				9		8		5
	8		3		7		5	
2		7				1		3
	4			1			8	
6		2			9			
	5		7			3		
		8		5			6	7

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.34 का हल

7	8	2	6	3	1	4	5	9
6	4	1	8	5	9	2	7	3
9	3	5	4	7	2		1	8
2	6	3	1	9	7	5	8	4
5	7	8	3	6	4	1	9	2
1	9	4	5	2	8	7	3	6
4	5	7	2	8	3	9	6	1
3	1	6	9	4	5	8	2	7
8	2	9	7	1	6	3	4	5